भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4174

(दिनांक 18.03.2026 को उत्तर देने के लिए)

तमिलनाडु में बीआईएनडी योजना

4174. श्री सी. एन. अन्नादुरईः

श्री जी. सेल्वमः

श्री नवसकनी के.:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि दूरदर्शन और ऑल इंडिया रेडियो की प्रसारण अवसंरचना के आधुनिकीकरण और उन्नयन के लिए केंद्रीय क्षेत्र योजना "प्रसारण अवसंरचना एवं नेटवर्क विकास (बीआईएनडी)" को स्वीकृति दी गई है;

(ख) यदि हां, तो तमिलनाडु में पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान बीआईएनडी योजना के अंतर्गत स्टेशनवार आवंटित की गई, जारी की गई और उपयोग की गई कुल निधि कितनी है;

(ग) उक्त योजना के अंतर्गत तमिलनाडु में प्रसारण सुविधाओं, स्टूडियो, टावरों और डिजिटल प्रसारण अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए शुरू की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने तमिलनाडु के ग्रामीण, तटीय और सुदूर क्षेत्रों में प्रसारण अवसंरचना की पर्याप्तता और गुणवत्ता का आकलन किया है; और

(ङ) सरकार द्वारा पूरे तमिलनाडु में उक्त को समय पर पूरा करने, निधि का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करने, क्षेत्रीय भाषा और सार्वजनिक सेवा प्रसारण को बेहतर बनाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) से (ङ): प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क विकास (बीआईएनडी) स्कीम देश में दूरदर्शन और आकाशवाणी की प्रसारण अवसंरचना के विकास, आधुनिकीकरण और उन्नयन के लिए एक केंद्रीय

क्षेत्र की स्कीम है। बीआईएनडी स्कीम को वर्ष 2021-26 के लिए 2540 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ अनुमोदित किया गया है। इस स्कीम के तहत प्रसार भारती को अब तक कुल 1,355 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है, जिसमें 371 करोड़ रुपये (वर्ष 2023-24), 262 करोड़ रुपये (वर्ष 2024-25), और वर्ष 2025-26 में 370 करोड़ रुपये (फरवरी 2026 तक) शामिल हैं।

प्रसार भारती और मंत्रालय द्वारा बीआईएनडी स्कीम के अंतर्गत परियोजनाओं के कार्यान्वयन की नियमित रूप से निगरानी की जाती है। तमिलनाडु राज्य के लिए, बीआईएनडी स्कीम के तहत कई परियोजनाओं को स्वीकृत किया गया है, जिनमें से पिछले तीन वर्षों में पहले ही 3 करोड़ रुपये से अधिक व्यय किए जा चुके हैं।

आकाशवाणी तमिलनाडु राज्य में 17 प्रसारण स्टेशनों का संचालन करता है, जो ग्रामीण, तटीय और दूरदराज के क्षेत्रों सहित राज्य भर में स्थलीय कवरेज प्रदान करते हैं। एफएम कवरेज को सुदृढ़ करने के लिए, कुंभकोणम में 10 किलोवाट का एफएम ट्रांसमीटर और वेल्लोर और यरकौड में 5 किलोवाट के एफएम ट्रांसमीटर दिनांक 01.03.2026 को चालू किए गए। अन्य अनुमोदित कार्यों में चेन्नई, धर्मपुरी और तिरुचिरापल्ली में एफएम ट्रांसमीटरों को बदलना, नागरकोइल में एक नया स्टूडियो भवन और धर्मपुरी और नागरकोइल में एनालॉग कंसोल को बदलना शामिल है।

इस स्कीम के तहत तमिलनाडु में दूरदर्शन के लिए परियोजनाओं में कार्यक्रम निर्माण सुविधाओं का एचडी आधुनिकीकरण, समाचार निर्माण उपकरणों का संवर्धन, और डीडी तमिल के लिए एक्टिव वीडियो वॉल और एक एचडी वॉटरमार्किंग प्रणाली की स्थापना शामिल है।

दूरदर्शन की फ्री-टू-एयर डायरेक्ट-टू-होम (डीटीएच) सेवा, "डीडी फ्री डिश", तमिलनाडु राज्य सहित देश भर में उपलब्ध है। प्रसार भारती ने वर्ष 2024 में अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स भी लॉन्च किया है, जो इंफोटेनमेंट सामग्री प्रदान करने वाला एक डिजिटल स्ट्रीमिंग एग्रीगेटर है।

260 से अधिक आकाशवाणी चैनल, जिनमें तमिलनाडु में आकाशवाणी चैनल शामिल हैं, "न्यूजऑनएयर" मोबाइल ऐप के माध्यम से मोबाइल फोन पर उपलब्ध हैं। इनका और अन्य अखिल भारतीय डिजिटल प्रसारण पहलों का बीआईएनडी स्कीम के तहत लगातार विस्तार किया जा रहा है और तमिलनाडु राज्य सहित पूरे देश में इनको लागू किया जा रहा है।

प्रसार भारती ने 19 जनवरी 2024 को संशोधित (रिवैम्प्ड) डीडी तमिल चैनल लॉन्च किया। यह एक 24×7 समर्पित टेलीविजन चैनल है जिसे सैटेलाइट और स्थलीय नेटवर्क के माध्यम से प्रसारित

किया जा रहा है। डीडी तमिल, तमिल भाषा में कला, संस्कृति, साहित्य, इतिहास, विरासत, परंपराओं, प्रतिष्ठित हस्तियों और जन-केंद्रित सामग्री को शामिल करने वाले कार्यक्रमों का प्रसारण करता है।

*****